-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 19.03.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा ईंट व ट्रैक्टर से डीजल चुराने वाले अभियुक्त सूचना के 04 घण्टे के भीतर किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से चोरी के ईंट व डीजल व घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा ईंट व टैक्टर से डीजल चुराने वाले अभियुक्त को सूचना के 04 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि कल दिनांक 18.03.2026 को थाना तिंदवारी पर सूचना प्राप्त हुई कि रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धीरु ढाबा कस्बा तिंदवारी से 500 ईंटे चोरी कर ले साथ ही पास में खड़े एक सोनालिका ट्रैक्टर से डीजल की भी चोरी कर ली गई है। सूचना पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया और त्वरित रुप से कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को कान्हा गौशाला के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से एक ट्रैक्टर में लदे 500 ईंटे व एक प्लास्टिक के डिब्बे में करीब 20 लीटर डीजल बरामद हुआ है।

बरामदगी-

- 500 ईंटे (चोरी के)
- 20 लीटर डीजल (चोरी के)
- 01 महिन्द्रा ट्रैक्टर (घटना में प्रयुक्त)

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. ज्ञानचन्द्र उर्फ विक्की पुत्र गंगाप्रसाद निवासी मिरगहनी थाना तिंदवारी जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0- 51/26 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना तिंदवारी जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. श्री संदीप कुमार थानाध्यक्ष तिंदवारी
2. उ0नि0 श्री रामचन्द्र यादव
3. उ0नि0 श्री अंजनी कुमार पाण्डेय
4. कां0 अब्दुल सलीम